शीर्ष प्राथमिकता/तत्काल

संख्या-79/1323/78-1-2013-55/2011

प्रेषक,

जी0एस0 नवीन कुमार,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
अपट्रान इण्डिया लि0,
लखनऊ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊः दिनांक 31दिसम्बर, 2013

विषयः- अपट्रान इण्डिया लि0 के तत्कालीन आरोपियों के विरूद्ध विधिक स्वीकृति निर्गत किये जाने के संबंध में ।

महोदय,

उपयर्युक्त विषयक निदेशक, उ0प्र0 सतर्कता अधिष्ठान के अर्द्धशा0 पत्र संख्या-स0अ0/अनु-2-मिस-18/2013, दिनांक 21 नवम्बर, 2013 के संलग्न पत्र का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- अपट्रान इण्डिया लि0 में तत्कालीन प्रबन्ध निदेशक, श्री आर0के0 सिंह, सामान्य प्रबन्धक, श्री के0एन0 शुक्ला, वरिष्ठ विपणन प्रबन्धक, श्री नरेश चन्द्र, रीजनल मैनेजर साउथ रेंज, हैदराबाद एवं श्री गणेश खन्ना, तत्कालीन एकाउन्टेट मद्रास बांच श्री पी0 शिव शंकरन एवं श्री पी0 शुनमुगम, संस्थागत विक्रय ऐजेंट धारा-409/120बी आईपीएस व धारा-13(1)डी, सुपठित धारा-13(2)भ्र0नि0अ0, 1988 के अन्तर्गत दोषी पाये गये है जिनके नियुक्ति अधिकारी की सूचना शासन के पत्र सख्या-948/78-1-2011-55/2011, दिनांक 19 सितम्बर, 2011, पत्र सख्या-17/78-1-2012-55/2011, दिनांक 31 जनवरी 2012, पत्र सख्या-237/78-1-2012-55/2011, दिनांक 10-04-2012, पत्र सख्या-312/78-1-2012-55/2011, दिनांक 30-4-2013, पत्र सख्या-429/78-1-2012-55/2011, दिनांक 24-5-2012, पत्र

http://shasanadesh.up.nic.in

सख्या-429(1)/78-1-2012-55/2011, दिनांक 06 नवम्बर, 2012, पत्र सख्या-178/78-1-2013-55/2011, दिनांक 20 फरवरी, 2013 एवं पत्र सख्या-877/78-1-2013-55/2011, दिनांक 29 अगस्त, 2013, द्वारा मांगी गयी थी काफी समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी उक्त पत्रों द्वारा मांगी गयी सूचनायें शासन में अभी तक अप्राप्त हैं।

3- अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया व्यक्तिगत ध्यान देते हुए शासन को तत्काल यह अवगत कराने का कष्ट करें कि उक्त अधिकारी किस सेवा के हैं और उनके नियुक्ति अधिकारी कौन हैं तथा उक्त अधिकारियों/कर्मचारियों की वर्तमान स्थिति (सेवारत/सेवा निवत्त) क्या है।

4- कृपया वांछित सूचनायें शासन को तत्काल उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें।

संलग्नक-यथोपरि।

भवदीय,

(जी0एस0 नवीन कुमार)
विशेष सचिव।

http//shasanadesh.up.nic.in